निधिपोषित किया जाता है। अकादमी के अध्येताओं को बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने और उनका मूल्यांकन करने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामोदिष्ट किया जाता है। अकादमी सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेने, समीक्षा करने और रिपोर्ट देने के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में नामित अध्येताओं को यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान कर रही है।

देश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों/व्यावसायिक निकायों से प्राप्त सीएमई प्रस्तावों में से अकादमी ने वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के दौरान 9 बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आंशिक वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के दौरान निधिपोषित बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध-IV के रूप में प्रस्तुत है।

01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के दौरान बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर स्वीकृत कुल व्यय 6,30,500 लाख रुपए (केवल छह लाख तीस हजार पाँच सौ रुपए) है।

अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम: ये संगोष्ठियाँ/ सीएमई कार्यक्रम अकादमी की सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम समिति के तत्वाधान में चलाए जा रहे हैं। सीएमई कार्यक्रम समिति समय-समय पर अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम के रूप में निधिपोषण के लिए राष्ट्रीय और शैक्षणिक संगतता के विषयों की पहचान करती है। बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के समान ही अकादमी उन अध्येताओं को, जो पर्यवेक्षकों के रूप में सीएमई कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और रिपोर्ट दाखिल करते हैं, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और मानदेय प्रदान करती है।

अकादमी ने वर्ष 2016-2017 के दौरान 3 अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम/ संगोष्ठी का निधिपोषण किया हैः-

1. 23 अप्रैल 2016 को स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "**ऑस्टियोपोरोसिस**" पर नैम्स - पीजीआई संगोष्ठी।

2. 21 अक्टूबर, 2016 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में आयोजित "**तम्बाकू या स्वास्थ्य: बेहतर विकल्प चुनिए**" पर नैम्स संगोष्ठी

3. 30 नवंबर, 2016 को कमला रहेजा सभागार जे.एस.बी. बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित "**भारत में पोषण और स्वास्थ्य संक्रमण: राष्ट्रीय सर्वेक्षण से निष्कर्ष**" पर नैम्स - एनएफआई राष्ट्रीय संगोष्ठी

अंत-सांस्थानिक सीएमई कार्यक्रम आयोजित करने में कुल व्यय 3,34,313 लाख रुपए (केवल तीन लाख चौंतीस हजार तीन सौ तेरह रुपए) था। ब्यौरे अनुबंध-V में दिए गए हैं।

चित्र 1 वर्ष 2015-16 और 2016-17 के दौरान बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक कार्यक्रमों पर किए गए व्यय का चित्रांकन करता है।

वर्ष 2015-16 और 2016-17 में सीएमई कार्यक्रमों पर कुल व्यय

हजार रूपयों में



चित्र 1. वर्ष 2015-16 और 2016-17 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों में किए गए व्यय का तुलनात्मक प्रदर्शन।

NATIONAL ACADEMY OF MEDICAL SCIENCES (INDIA)

राज्य-चैप्टर-वार बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विवरण चित्र 2 में दिया गया है।



चित्र 2. राज्य चैप्टर-वार वर्ष 2016-17 में बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का प्रदर्शन

वर्ष 2016-17 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार विवरण चित्र 3 में दर्शाया गया है।



चित्र-3. वर्ष 2016-17 के लिए बाह्यसांस्थानिक और अंतःसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का विशेषज्ञता-वार वितरण

पिछले 3 वर्षों, अर्थात् 2014-15 से 2016-17 में स्वीकृत बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का राज्य-वार वितरण

बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों का वर्ष 2013-16 से प्रति वर्ष राज्य-वार वितरण नीचे सारणी में दिया गया है

राज्य	2014-15	2015-16	2016-17	वर्ष 2016-17 के दौरान किया गया व्यय (रुपए)
आंध्र प्रदेश	1	-	-	-
बिहार	-	-	1	75,000
चंडीगढ़	-	2	3	2,19,500
छत्तीसगढ़	-	-	1	75,000
दिल्ली	-	-	1	75,000
गोवा	-	-	-	-
गुजरात	-	1	-	-
हरियाणा	-	1	1	75,000
हिमाचल प्रदेश	-	1	-	-
जम्मू और कश्मीर	-	-	-	-
झारखंड	-	-	-	
कर्नाटक	2	1	1	36,000
महाराष्ट्र	3	1	-	-
पुडुचेरी	2	1	-	-
राजस्थान	-	-	1	75,000
तमिलनाडु	1	-	-	-
उत्तर प्रदेश	2	1	-	-
जोड़	**11**	**9**	**9**	**6,30,500**

राज्य चैप्टर के अधीन सीएमई कार्यक्रमों के अंतर्गत समर्थित गोष्ठियों, संगोष्ठियों, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, और कार्यशालाओं का विवरण नीचे अनुबंध-III में दिया गया है।

अनुबंध-III

एनएएमएस अध्यायों के बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम

अकादमी की वैज्ञानिक गतिविधियों में उसके राज्य चैप्टरों की शैक्षणिक गतिविधियां शामिल होती हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के अधीन उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट नीचे दी गई हैः

बिहार

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बिहार चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (पटना में) आयोजित किया है।

चंडीगढ़

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चंडीगढ़ चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से तीन बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (चंडीगढ़ में) आयोजित किए हैं।

छत्तीसगढ़

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (रायगढ़ में) आयोजित किया है।

दिल्ली

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दिल्ली चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (दिल्ली में) आयोजित किया है।

हरियाणा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हरियाणा चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (रोहतक में) आयोजित किया है।

कर्नाटक

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कर्नाटक चैप्टर ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (बेंगलुरु में) आयोजित किया है।

राजस्थान

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान राजस्थान ने एनएएमएस की वित्तीय सहायता से एक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (जोधपुर में) आयोजित किया है।

अनुबंध-IV

दिनांक 01.04.2016 से 31.03.2017 तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. **16-17 मई, 2016 को लोक स्वास्थ्य विद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "लोक स्वास्थ्य प्रबंधन के सिद्धांतों के अनुप्रयोग से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. सोनू गोयल, सह आचार्य, लोक स्वास्थ्य विद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ - 160012।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को प्राप्त करने के लिए प्रतिभागियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के अवधारणाओं और सिद्धांतों को समझने में सक्षम बनाना।
- प्रासंगिक मामलों के अध्ययनों के साथ वर्णन करना कि कैसे स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रभावी नेतृत्व के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त किया जा सकता है।
- स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य में मानव संसाधन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए मध्यम और वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों की क्षमता का निर्माण करना।
- वर्तमान परिदृश्य में अंतराल की विवेचना करने के लिए प्रतिभागियों को लैस करना और प्रभावी निर्णय लेने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में भविष्य के रुझानों की कल्पना करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. राजेश कुमार, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कार्यक्रम का माहौल बहुत अच्छा था, प्रतिभागी बहुत उत्साहित थे और अधिकांश सत्र इंटरैक्टिव थे। सभी सत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाले अभ्यास थे।

2. 11-12 जुलाई 2016 को सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान, सेंट जॉन राष्ट्रीय स्वास्थय विज्ञान अकादमी, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर में आयोजित "महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी और स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यप्रणाली" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. प्रेम के. मौनी, अध्यक्ष, महामारी विज्ञान प्रभाग, जैव सांख्यिकी और जनसंख्या स्वास्थ्य, सेंट जॉन अनुसंधान संस्थान एवं सह आचार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग, सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज, बंगलौर।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

1. न्यूनतम 30 जूनियर चिकित्सा संकाय / स्नातकोत्तर छात्रों को प्रतिवर्ष महामारी विज्ञान की पद्धतियों और जैव सांख्यिकीय पद्धतियों में प्रशिक्षित करना जिनका प्रयोग विभिन्न महामारी विज्ञान अध्ययन डिजाइन से उत्पादित डेटा पर किया जा सकता है।
2. पर्याप्त व्यावहारिक अभ्यास के साथ महामारी विज्ञान और जैव सांख्यिकी का व्यावहारिक कार्य ज्ञान प्रदान करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. एन. श्रीनिवास मूर्ति, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों की संख्या कार्यक्रम के लिए सोचे गए 30 प्रतिभागियों से ज्यादा थी। कार्यप्रणाली में अत्यधिक इंटरैक्टिव सत्रों के साथ व्याख्यान और प्रदर्शन सम्मिलित थे। प्रतिभागियों को बहुत सीमा तक सम्मिलित किया गया और प्रत्येक सत्र के अंत में उन्हें अभ्यास दिए गए थे। उन्हें प्रत्येक सत्र के तुरंत बाद 5 अंकों के पैमाने पर इसका वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने के लिए कहा गया था। प्रतिभागियों द्वारा प्रदान किए गए मूल्यांकन और प्रतिसूचना ने संकेत दिया कि वे संतुष्ट थे और उन्हें सीखने का अच्छा अवसर मिला।

सम्मिलित विषय प्रासंगिक थे। संसाधन व्यक्तियों की पहचान काफी उपयुक्त थी और स्वास्थ्य अनुसंधान पद्धति, महामारी विज्ञान और जैव सांख्यिकी में अनुभव पर आधारित थी। यह एक अच्छी तरह से आयोजित सीएमई कार्यक्रम था और पहले से निर्धारित अनुसूची के अनुसार किया गया था। हालांकि विषय के बहु-पार्श्व दृष्टिकोण के लिए अन्य संस्थानों से कुछ संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया जा सकता था।

वर्तमान सीएमई वैज्ञानिक कार्यक्रम में कई अभिनव प्रक्रियाएं शामिल थीं: (क) व्याख्यान प्रारंभ होने से पहले प्रत्येक प्रतिभागी के लैपटॉप पर अधिगम संसाधन सामग्री (एलआरएम) का ऑनलाइन प्रसार, (ख) संकाय द्वारा प्रस्तुतिकरण के तुरंत बाद सत्रों का फ़ीड-बैक और एक ऑन लाइन मूल्यांकन, (ग) एक खुले समापन प्रश्न के रूप में फ़ीड-बैक, (घ) संकाय द्वारा दिए गए व्याख्यान की निरंतर वीडियो रिकॉर्डिंग, और (ड़) प्रायोगिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक सत्र। व्याख्यान निदर्शी और प्रतिभागियों के साथ इंटरैक्टिव थे। मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि सीएमई कार्यक्रम पूर्व परिभाषित विशिष्ट अधिगम उद्देश्यों को प्राप्त करने के मामले में काफी प्रभावी था।

3. 11 सितम्बर, 2016 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित "निवारक मनोचिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिवः डॉ. राकेश के. चड्डा, एफएएमएस, आचार्य, मनोचिकित्सा विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- निवारक मनोचिकित्सा के सिद्धांतों पर स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं का संवेदीकरण
- निवारक मनोचिकित्सा के बारे में उनके ज्ञान का आकलन करना और ज्ञान को अद्यतन करना
- निवारक मनोचिकित्सा के प्रति उनके कौशल और व्यवहार को बढ़ाना
- दैनिक अभ्यास और समुदाय में मानसिक समस्याओं को दूर करने के लिए निवारक रणनीतियों के विकास और उनका उपयोग करने के लिए उन्हें तैयार करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. श्रीधर शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी का आयोजन अच्छी तरह से किया गया था। एक संक्षिप्त उद्घाटन था। वैज्ञानिक कार्यक्रम 9.15 बजे आरंभ हुआ। हॉल आम तौर पर कार्यक्रम के दौरान भरा हुआ था। दर्शकों की सक्रिय भागीदारी थी। श्रव्य दृश्य व्यवस्था अच्छी गुणवत्ता की थी। सभी प्रस्तुतियां प्रासंगिक थीं। कार्यक्रम के लिए संकाय अच्छी तरह से चुना गया था और एम्स, नई दिल्ली, पीजीआईएमआर, चंडीगढ़, जीएमसीएच, चंडीगढ़, पीजीआईएमएस, रोहतक, जामिया हमदर्द, आईएचबीएएस, दिल्ली और निमहंस, बेंगलुरु सहित देश के कई प्रमुख संस्थानों का प्रतिनिधित्व करता था। उद्देश्य; निवारक मनोचिकित्सा के सिद्धांतों पर

स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं का संवेदीकरण और अद्यतन करने के लिए, और उन्हें दिन-प्रतिदिन के व्यवहार में और समुदाय में निवारक रणनीतियों के विकास और उपयोग में लाना को सीएमई वैज्ञानिक कार्यक्रम का रूपरेखा और निष्पादन द्वारा पूरा किया गया।

4. 20 अक्तूबर, 2016 को गामा नाइफ केंद्र, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय भेषजगुण सोसाइटी (इप्सकॉन - 2016) के 49 वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान "वैज्ञानिक चिकित्सीय लेखन" पर सम्मेलन-पूर्व कार्यशाला के रूप में सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. बिकाश मेधी, आचार्य, भेषजगुण विज्ञान विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ - 160012।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- अनुसंधान के सफलतापूर्वक क्रियान्वित होने के बाद चिकित्सीय लेखन की कला और विज्ञान में जूनियर संकाय सदस्यों और स्नात्कोत्तर छात्रों को परिचित और प्रशिक्षित करना
- नैदानिक अनुसंधान की योजना बनाने में नैदानिक जांचकर्ताओं को जानकारी प्रदान करना: प्रायोजित या अन्वेषक द्वारा आरंभ, अनुसंधान स्थल का प्रत्यायन, नैदानिक अनुसंधान की नियामक आवश्यकताएं, नैदानिक परीक्षण के दौरान फार्माकोविजेंस, नैदानिक डेटा का संग्रह और प्रबंधन, चिकित्सीय लेखन और नैदानिक अनुसंधान में कैरियर का विकास।

दो दिवसीय कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य उभरते चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को सिखाना था और उन्हें उचित नैदानिक अध्ययन के डिजाइन और निष्पादन के लिए कौशल में प्रशिक्षित करना था। इसके अतिरिक्त कार्यशाला ने नैदानिक अनुसंधान डेटा को इकट्ठा करने और प्रबंधित करने, और वैज्ञानिक समुदाय के लिए तर्कसंगत निष्कर्ष और प्रस्तुतियों के लिए इसके अन्वेषण पर बल दिया। इस कार्यशाला में सम्मिलित विषयों ने नैदानिक परिचालन, अन्वेषक-आरंभिक अनुसंधान, अन्वेषक के स्थान के प्रत्यायन, नैदानिक अनुसंधान की नैतिकता, विनियामक औषधसहसतर्कता, चिकित्सीय लेखन, और नैदानिक अनुसंधान में कैरियर के विकास के परिप्रेक्ष्य में चर्चा की।

पर्यवेक्षक (डॉ. पी. एल. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कुल 48 प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया था और आमतौर पर करीब 46 लोग वैज्ञानिक सत्रों के दौरान उपस्थित थे। संसाधन व्यक्ति ने साक्ष्य आधारित जानकारी प्रदान की जो अच्छी गुणवत्ता की थी और सभी सत्र इंटरैक्टिव थे। सत्र शुरू होने से पहले प्रतिभागियों को अधिगम संसाधन सामग्री प्रदान की गयी थी।

सीएमई विषय को प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि चिकित्सा लेखन वैज्ञानिक लेखन का ही एक और अधिक विशिष्ट क्षेत्र है, जबकि वैज्ञानिक लेखन विज्ञान के बारे में लेखन है, भले ही यह औषध, रसायन विज्ञान या भौतिक विज्ञान आदि के बारे में हो। इसी प्रकार सभी चिकित्सा लेखक विज्ञान लेखक हैं, जबकि सभी वैज्ञानिक लेखक चिकित्सा लेखक नहीं हैं। चिकित्सीय लेखन एक व्यापक, विश्वसनीय, कुशल और ठोस तरीके से नैदानिक और वैज्ञानिक दस्तावेज के विकास से संबंधित है। चिकित्सीय लेखन एक विशेष सामग्री के बारे में अधिक कुशलता से और स्पष्ट रूप से लिखने की एक कला है जिसे लक्षित श्रोता आसानी से समझ सकते हैं और उसे आत्मसात कर सकते हैं। एक चिकित्सीय लेखक को विषय से हर मिनट की जानकारी को पकड़ने की क्षमता की आवश्यकता होती है और उनमें से प्रत्येक को समझने और उन पर काम करने की क्षमता होनी चाहिए। चिकित्सीय लेखन एक अंतःविषय अभ्यास है और इसके लिए सामूहिक और उपलब्ध जानकारी का विश्लेषण और आवश्यकतानुसार दस्तावेज़ / अध्याय को विकसित करने के प्रति एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। चिकित्सीय लेखन एक महत्वपूर्ण और अत्यंत आवश्यक कार्य है जो चिकित्सा / स्वास्थ्य पेशेवर के रूप में निर्मित / विकसित होने के हर स्तर पर आवश्यक है। विभिन्न विषयों पर इंटरैक्टिव वर्कशॉप के विभिन्न व्याख्यानों में विभिन्न वक्ताओं ने विचार-विमर्श किया: क्यों प्रकाशित करें? प्रकाशन के प्रकार; अपने अनुसंधान पत्र के प्रकाशन के लिए सही पत्रिका का चयन करना; एक मूल शोध पत्र की संरचना; शीर्षक लेखन, सार और परिचय जो कि पहला अच्छा प्रभाव डालते हैं; सामग्री और विधि: सफलता के लिए एक नुस्खा; रिपोर्टिंग परिणाम लेखन चर्चा - विश्लेषण और समीक्षात्मक विश्लेषण, साहित्य के संदर्भ और उद्धरण, प्रकाशन की नैतिकता और नैतिक कदाचार (नकल, लेखकीय मानदंड), आदि। विभिन्न प्रकार के चिकित्सीय वैज्ञानिक लेखन, जैसे चिकित्सा पत्रकारिता, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल के उत्पादों का चिकित्सा विपणन, प्रकाशन / प्रस्तुति,

शोध दस्तावेज, विनियामक दस्तावेज लेखन आदि सम्मिलित किए गए थे। यद्यपि कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिक कार्यक्रम के संचालन ने अनुमानित उद्देश्यों को पूरा किया, परंतु वैज्ञानिक सत्रों का प्रबंधन और स्थानीय आतिथ्य की व्यवस्था को स्वयंसेवकों और आयोजकों द्वारा संभाला गया जो कि अपेक्षित स्तर का नहीं था और जिसमें इष्टतम मानकों का अभाव था। मुख्य कारण यह था कि संयोजक और उनका वरिष्ठ स्टाफ कुछ अन्य समन्वित कार्यशालाओं में तल्लीन थे और वैज्ञानिक कार्यक्रमों के साथ पूर्ण न्याय नहीं कर पाए थे। कार्यशाला के उचित संचालन के लिए यह वांछनीय है कि अन्य समान कार्यक्रमों को एक साथ आयोजित नहीं किया जाना चाहिए।

5. 21 नवंबर, 2016 को लोक स्वास्थ्य विद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. अरूण कुमार अग्रवाल, आचार्य, लोक स्वास्थ्य विद्यालय, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ - 160012।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित डेटा के एक सेट को देखते हुए, प्रतिभागी मूल कारण विश्लेषण करने में उपयोग और व्याख्या करने और प्रणाली दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए बाधाओं की पहचान करने के लिए सक्षम हो जाएंगे।
- किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए, प्रतिभागी कार्यान्वयन अनुसंधान प्रश्नों की पहचान करने और कार्यान्वयन अनुसंधान प्रस्तावों को विकसित करने में सक्षम होंगे।
- स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिभागी मृत्यु समीक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, टेलीमेडिसिन, सहायक पर्यवेक्षण, एचएमआईएस आदि जैसे कुछ मौजूदा तंत्रों का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
- प्रतिभागियों में संचार, प्रेरणा, नेतृत्व, संगठनात्मक प्रभावशीलता के लिए संघर्ष प्रबंधन की अवधारणाओं की समझ विकसित होगी।

पर्यवेक्षक (डॉ. राजेश कुमार, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कुल 28 प्रतिभागियों को पंजीकृत किया गया जिसमें से 23 उपस्थित थे। लगभग 20 + विभिन्न सत्र थे। सीएमई कार्यक्रम पर्याप्त स्थान, संकाय / संसाधन व्यक्तियों से

सुसज्जित, श्रव्य - दृश्य उपकरणों से पूरी तरह समर्थित, वीडियोग्राफी की अत्याधिक श्रेष्ठ कार्यात्मक सुविधा और सुस्थापित ध्वनि मिक्सर प्रणाली सहित सुनियोजित एक सफल अकादमिक वैज्ञानिक कार्यक्रम था। इंटरैक्टिव चर्चाओं और स्पष्टीकरण के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। कुछ सत्रों में समूह कार्य और भूमिका निभाने का आयोजन किया गया था।

सीएमई की पृष्ठभूमि प्रदान करते हुए, आयोजकों ने कहा कि स्वास्थ्य प्रणालियों से उचित मूल्य पर लोगों को गुणवत्ता सेवाएं प्रदान करने और इक्विटी सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य प्रणाली में सभी संगठन, व्यक्ति और कार्य समाहित होते हैं, जिनका प्राथमिक हित स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, पुनर्स्थापना और रखरखाव करना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 इससे भी आगे चली गयी है और इसमें सुरक्षित पानी और स्वच्छता, स्वच्छ भारत और हर एक के लिए शौचालय आदि शामिल हैं। कार्यान्वयन और उनका उचित क्रियाकलाप सुनिश्चित करना एक चुनौती है। हम प्रणाली को सुदढ़ किए बिना वांछनीय स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त नहीं कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य प्रणालियों के खंड बनाने की अवधारणा दी है: प्रशासन, वित्तपोषण, सेवा वितरण, स्वास्थ्य कार्यबल, सूचना, और दवाइयां / टीका / अन्य प्रौद्योगिकियां, पारस्परिक रूप से अग्रगामी विधि से स्वास्थ्य के परिणामों में सुधार, नागरिकों को बीमारी की वजह से विनाशकारी वित्तीय हानि और दुर्बलता से बचाने, और एक समान, कुशल और टिकाऊ तरीके से, उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करना।

पहले व्याख्यान में नवजात चिकित्सक डॉ. कृष्णा पिछले एक दशक में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) और पोस्ट एनएमआर के रुझान पर चर्चा की; उन्होंने उल्लेख किया कि आईएमआर में 34% की गिरावट आई है। हालांकि, एनएमआर में अधिक परिवर्तन नहीं आया है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों को साझा किया: 2030 तक 25 की 5 वर्ष से कम आयु की शिशु मृत्यु दर (एसडीजी), 2017 तक 25 की शिशु मृत्यु दर (एमएचएम) और 2030 तक 10 से कम नवजात मृत्यु दर (आईएनएपी)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की शुरूआत के साथ, पोस्ट-एनएमआर और बाद की-एनएमआर पर काफी प्रभाव पड़ा। हालांकि, शीघ्र-एनएमआर में गिरावट बहुत कम थी। पहले सप्ताह के भीतर भी, पहले 24 घंटों में 40% एनएमआर और 72 घंटों में लगभग 60% एनएमआर थी। इस प्रकार संभवतः जन्म के समय के आसपास काम करने वाले कार्यक्रम ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। नवजात मृत्यु के महत्वपूर्ण कारण हैं: समय से पूर्व होना (35%), जन्म श्वासावरोध (20%), पूति (15%), और निमोनिया (16%)। इस प्रकार, तीन सबसे महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य हत्यारे हैं:

समय से पूर्व जन्म, जटिलताएं, और नवजात संक्रमण। अगले व्याख्यान में डॉ. सुबोध ने स्वास्थ्य देखभाल में अंतर-क्षेत्रीय समन्वय (आईएससी) पर चर्चा की। इंटरैक्टिव के साथ आरंभ करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों से पूछा: "सोचें कि आप किस स्वास्थ्य स्थिति में हैं?" "सोचें कि इस स्वास्थ्य स्थिति के लिए कौन से कारक उत्तरदायी हैं?" उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर-क्षेत्रीय समन्वय (आईएससी) की परिभाषा को प्रस्तुत किया। प्रभावी समूह कार्य के लिए उत्तरदायी कारकों पर उन्होंने विचार-विमर्श किया। ये कार्य कृत्य और प्रक्रिया कृत्य हैं। कार्य कृत्य इससे संबंधित है: समूह कार्य कैसे पूरा किया जाए और कार्य की तकनीकी प्रकृति उदाहरणतया आईसीडी की प्रतिरक्षण भूमिका के लिए गतिमान करना और सत्र प्रबंधन में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका। मातृ एवं शिशु मृत्यु की समीक्षा के विषय पर डॉ. प्रशांत ने चर्चा की थी। उन्होंने मृत्यु समीक्षा में शामिल मुद्दों के बारे में प्रतिभागियों के ज्ञान को जानने के लिए चर्चा की। उन्होंने "मृत्यु के कारणों" और "मृत्यु के लिए कारक और देरी" मे भिन्नता के बारे में समझाया और किस प्रकार यह जानकारी स्वास्थ्य प्रणाली के लिए उपयोगी होगी। प्रतिभागियों ने बताया कि मृत्यु समीक्षा बैठकें जिला स्तर और अस्पताल के स्तर पर होती हैं और कुछ भिन्नताओं को बताने में वे सक्षम हुए। डॉ. अमरजीत सिंह ने स्वास्थ्य में संचार के विषय पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि स्वर (मौखिक) फोंट (लिखित) में उचित परिवर्तन के बिना मौखिक / बोला जाने वाला और लिखित संचार किसी भी प्रकार उपयोगी नहीं है। उनके द्वारा प्रभावी संचार के मुख्य सिद्धांत पर प्रकाश डाला गया था, जिसकी प्रतिभागियों ने काफी सराहना की थी।

6. 9 फरवरी, 2017 को स्वर्गीय श्री लखिराम अग्रवाल स्मारक शासकीय मेडिकल कॉलेज, रायगढ़, छत्तीसगढ़ में आयोजित "सूक्ष्म जीवाणु रोधी प्रतिरोध से मुकाबला" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. पूर्णिमा राज, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, भेषजगुण विज्ञान विभाग, स्वर्गीय श्री लखिराम अग्रवाल स्मारक शासकीय मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ - 496001, छत्तीसगढ़।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- वर्णन करना कि सूक्ष्म जीवाणु रोधी प्रतिरोध (एएमआर) मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा क्यों है।
- एएमआर विकसित होने के विभिन्न तंत्रों में अंतर जानना।
- एएमआर के बहुसंख्यक जोखिम कारकों की "एकल स्वास्थ्य" अवधारणा का विश्लेषण करना।

- एएमआर से निपटने / मुकाबला करने के लिए भारत में लिए गए सकारात्मक कदमों की सराहना करना।
- 'एकल स्वास्थ्य' ढांचे का उपयोग करके एएमआर से निपटने के लिए रणनीतियों का निर्माण करना।
- क्लिनिकल सेटअप में नेटवर्किंग और एक दूसरे से सीखने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए और भारत में एएमआर के खतरों को कम करना।

सीएमई / कार्यशाला के प्रतिभागियों से अपेक्षित परिणाम उनके अभ्यास के लिए उपयुक्त नैदानिक ज्ञान, कौशल और व्यवहार की स्थापना और रखरखाव करना था:

- एएमआर से संबंधित नैदानिक, समाजशास्त्र, और मौलिक जैव चिकित्सा विज्ञान के ज्ञान को लागू करना।
- सूक्ष्म जीवाणु रोधी प्रतिरोध के तंत्र, ड्रग्स के प्रतिकूल प्रभाव आदि की जानकारी से एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कहीन उपयोग को रोकना।
- सीएमई में प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लाना और 'एएमआर अभियान बंद करो' के लिए कार्रवाई योजना सुझाना।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

सीएमई सीएमई संकाय समन्वयक डॉ. शांतनु त्रिपाठी द्वारा सूक्ष्म जीवाणु रोधी प्रतिरोध (एएमआर) की समस्या पर स्नैपशॉट परिचयात्मक टिप्पणी के साथ आरंभ हुई जिन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कहीन और बेतुके उपयोग और विश्व भर में इसकी समस्याओं पर बल दिया था। हालांकि, विशेष रूप से भारत में, यह अनियमित स्वास्थ्य देखभाल और सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण चिंता का विषय है। एक अनुमान के अनुसार भारत विश्व में एंटीबायोटिक दवाओं का सबसे बड़ा उपभोक्ता था। इसके बहुत से कारण हैं, खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक, बढ़ती आय, बिना चिकित्सकों की पर्ची के सस्ती एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता, और चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं का अति प्रयोग और दुरुपयोग जिनमें से कई नीमहकीम हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग से नाटकीय रूप से प्रतिरोध में वृद्धि होती है और इसके कारण मृत्यु दर में बढ़ोतरी, रोग और स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ जाती है। हम एक निराशाजनक स्थिति का सामना कर रहे हैं जब हमें ऐसे लाभों को उखाड़ फेंकना है जो "विगत वर्षों के एंटीबायोटिक-जादू बुलेट" द्वारा प्राप्त किए गए थे। नए सूक्ष्म जीवाणु रोधी के विकास की कमी के कारण इस संकट ने एक गंभीर आकार ग्रहण कर लिया है। यह एक ऐसा मामला है जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। समय की मांग है कि एंटीबायोटिक के उपयोग पर नज़र रखने के लिए एक समर्पित एजेंसी बनाने, सार्वजनिक, निजी और

अनौपचारिक स्वास्थ्य क्षेत्रों में एंटीबायोटिक दवाओं के लिए उचित और विवेकपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण नीतियां बनाने और संकट का प्रबंधन करने के लिए नए एंटीबायोटिक दवाओं को विकसित करने के अनुसंधान प्रयासों को नवीनीकृत करने के लिए सभी द्वारा ठोस और समन्वित प्रयास किए जाएं। इन सभी पहलुओं पर चर्चा करने के लिए और अधिक मुद्दों के बारे में बात करने के लिए वर्तमान सीएमई में कई इंटरैक्टिव सत्रों का आयोजन किया गया और सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि वे न केवल गंभीर श्रोता बनें अपितु तर्क - वितर्क भी करें, विचार - विमर्श और समय समय पर अपनी बहुमूल्य राय और टिप्पणियां दें।

दूसरी प्रस्तुति में वक्ता ने सूक्ष्म जीवाणु रोधी विहित फार्माकोकाइनेटिक और फार्माकोडाइनेमिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, जैस कि: (क) एकाग्रता - निर्भरता घातक एंटीबायोटिक दवाएं (एमिनोग्लीकोसाइड्स, एफक्यू, रिफामपिसिम, मेट्रोनिडाज़ोल और उसके जैसे), (ख) समय आधारित घातक एंटीबायोटिक दवाएं (बीटा लैक्टम्स - पेनिसिलिन सेफालोसपोरिंस कैराबिनीम्स और मोनोबैक्टमस, मैक्रोलाइड्स, क्लिंडामाइसिन) और (ग) अन्य समय आधारित घातक जो पश्च एंटीबायोटिक प्रभाव वाली (पीएई) एंटीबायोटिक दवाएं (अजीथ्रोमाइसिन, क्लेरीथ्रोमाइसिन, लंबे समय तक प्रभावकारी टेट्रासाइक्लीन, एफक्यू, रिफामपिसिम, और एक नई टीबी रोधी दवा, डेलामानिड)। इस बात पर बल दिया गया था कि पीके-पीडी और एएम प्रतिरोध के विकास के तंत्र की बेहतर समझ के साथ ही एंटीबायोटिक दवाओं का तर्कसंगत उपयोग संभव है।

बाद की प्रस्तुति में वक्ता ने एएमआर के विकास में शामिल कारकों पर चर्चा की। पर्यावरण और एकल-स्वास्थ्य दृष्टिकोण जहां उन्होंने जोर दिया कि हम पर्यावरण के जीवाणुओं के एंटीबायोटिक विरोध के बारे में थोड़ा ही जानते हैं और इसलिए पर्यावरण में एंटीबायोटिक प्रतिरोध जलाशयों को समझना और स्वास्थ्य पर उनके संभावित प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। वर्तमान रणनीतियां और हस्तक्षेप मुख्य रूप से नैदानिक वातावरण में जोखिम मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि गैर-नैदानिक वातावरणों को बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया जाता है। पर्यावरण में एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीवाणु और जीन में वैश्विक वृद्धि के संदर्भ में और संबंधित हितधारकों की समझ, ज्ञान और समस्या के बारे में विश्वासों को समझने आवश्यक है। अगले दो विचार-विमर्श में, वक्ताओं ने एएम पदच्युती में गुणात्मक शोध के महत्व पर चर्चा की। यह बल दिया गया था कि पिछले गुणात्मक निष्कर्षों के अनुसार तीन प्रमुख कारकों को मान्यता दी गई - रोगियों, स्वास्थ्य प्रणालियों और पेशेवरों, और नीति और विनियामक मुद्दों।

अध्ययनों से पता चलता है कि चिकित्सकों के निर्देशों का रोगियों द्वारा गैर-अनुपालन, आत्म-दवाइयां, एंटीबायोटिक उपयोग के बारे में अज्ञान और प्रतिरोध के बारे में जागरूकता की कमी प्रतिरोध विकास के लिए संभव योगदान थे। 2013 में सीडीसी ने शीर्ष 18 दवा प्रतिरोधी बैक्टीरियल वनस्पतियों पर रिपोर्ट प्रकाशित की और चिंताओं को तीन श्रेणियों में बांट दिया गया - आवश्यक, गंभीर और चिंतनीय और प्रत्येक वर्ग में विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न बैक्टीरिया को वर्गीकृत किया गया। सीडीसी ने हॉस्पिटल एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप प्रोग्राम के सात मुख्य तत्व भी तैयार किए, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई। यदि एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप प्रोग्राम को इसकी पूर्णता और आत्मा में पालन किया जाता है तो इसके परिणामस्वरूप एएम प्रतिरोध से संबंधित कई समस्याएं को रोका जा सकता है।

व्याख्यान के अंत में विचार विमर्श में शामिल विभिन्न पहलुओं पर, प्रतिभागियों के चार अलग-अलग समूहों को चार प्रायोगिक अभ्यास दिए गए थे। प्रत्येक समूह को कार्य पूरा करने के लिए 20 मिनट दिए गए थे। समूह के एक प्रतिनिधि ने निष्कर्ष और दिए गए कार्य का हल प्रस्तुत किया जिसे सीएमई कार्यक्रम संयोजक द्वारा समन्वित किया गया।

7. **13 फरवरी, 2017 को भेषजगुण विज्ञान विभाग, पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पटना, (बिहार) में आयोजित "अनुसंधान पद्धति: जैव चिकित्सा अनुसंधान के आधार - सिद्धांत और विधि" पर सीएमई कार्यक्रम।**

आयोजन सचिव: डॉ. एन. आर. बिस्वास, आयोजन सचिव, एआईजीजेकोनिप्स2017, निदेशक सह उप-कुलपति, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना - 800014, बिहार।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- जैव चिकित्सा अनुसंधान की आवश्यकता और प्रयोजन की सराहना करना
- जैव चिकित्सा अनुसंधान के आयामों और विधियों के बारे में जानकारियों से अवगत होना
- एक शोध प्रोटोकॉल के घटकों को जानना और समझना कि कैसे एक अच्छा शोध प्रोटोकॉल / प्रस्ताव लिखा जाता है
- डेटा प्रबंधन की बुनियादी जानकारी और शोध में आंकड़ों के उपयोग को समझना
- अनुसंधान रिपोर्टिंग के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को समझना
- अनुसंधान अनुवाद और अनुवादकारी अनुसंधान की बारीकियों से अवगत होना।

पर्यवेक्षक (डॉ. के. के. शर्मा, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

कार्यशाला का समग्र वातावरण बहुत अच्छा था। सीएमई का स्थल वही व्याख्यान थियेटर था, जहां भारत के महान चिकित्सक डॉ. बी. सी. रॉय ने पटना मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कक्षाओं में भाग लिया था। इस तथ्य ने प्रतिभागियों को बहुत व्यस्त और उत्साहित मूड में रखा। सीएमई विषय में रुचि और सीएमई के अन्य प्रतिनिधियों और प्रसिद्ध संकाय के साथ सभा के दौरान और उसके बाद उपयोगी वैज्ञानिक चर्चाओं के परिणामस्वरूप प्रतिभागी कार्यशाला की कार्यवाही में उनकी भागीदारी में बहुत उत्साही, गंभीर और इंटरैक्टिव थे। प्रतिभागियों में 5-6 पटना मेडिकल कॉलेज के भेषजगुण विज्ञान विभाग और काय चिकित्सा विभाग से वरिष्ठ संकाय सदस्य और बाकी देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और फार्मेसी संस्थानों के पीजी और जूनियर स्तर के संकाय शामिल थे।

जैव चिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान पर पहले व्याख्यान में अध्यक्ष ने आरंभ करते हुए डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य अनुसंधान को परिभाषित किया और बल देकर कहा कि जैव चिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान को स्वास्थ्य देखभाल के सभी क्षेत्रों में मौजूद ज्ञान की खाई पाटने की आवश्यकता है। इस तरह का अंतर रोगों को समझने में, उनके जोखिम कारकों, एटिओपैथोजेनेसिस, नैदानिक प्रस्तुति, निदान, रोग का निदान, और उनके उपचार, उच्छेदन। इलाज या रोकथाम के संदर्भ में हैं। अधिकतर यह अंतर मौजूदा ज्ञान को स्वास्थ्य देखभाल अभ्यास में परिवर्तित करने में है। इसलिए, स्वास्थ्य देखभाल के अनुकूलन के लिए, जैव चिकित्सा और स्वास्थ्य अनुसंधान अनिवार्य है। इसे पूरा करने के लिए, कार्यों के लिए प्राथमिकताओं को निर्धारित करने की आवश्यकता है।

अगले वक्ता ने अनुसंधान के संचालन और वित्त पोषण एजेंसियों से अनुदान प्राप्त करने के लिए अनुसंधान प्रोटोकॉल लिखने के लिए आवश्यक बुनियादी अवधारणाओं पर विस्तार से चर्चा की। विभिन्न डोमेन - प्रोटोकॉल सामग्रियों, अध्ययन विधियों, नैदानिक जांचों के प्रकार और नैदानिक अभ्यासों में सुधार, आरसीटी, अवलोकनात्मक अध्ययन, आंकड़े, स्रोत डेटा की उपलब्धता, प्रोटोकॉल विचलन और उल्लंघन आदि के बारे में चर्चा हुई थी। नैदानिक शोध के नैतिक मुद्दों को भी शामिल किया गया - नैदानिक अनुसंधान/ नैदानिक जांचों में नमूने के आकार / समूह आकार की गणना, अल्फा और बीटा त्रुटियां और नमूने के आकार की गणना में उनकी भूमिका, जांच विषयों की भर्ती, कमजोर शोध विषय, आईईएस, पीआईएस, नैतिक दुविधाएं - गोपनीयता, वफादारी, शोध प्रोटोकॉल के समीक्षा के तत्व आदि पर चर्चा हुई।

साक्ष्य-आधारित नैदानिक अभ्यास पर व्याख्यान में, साक्ष्य के पदानुक्रम और उनके 8 स्तरों पर विभिन्न प्रकार के साक्ष्य प्राप्त करने में शामिल नैतिक मुद्दों के साथ चर्चा की गई। बाद के व्याख्यान में विभिन्न वक्ताओं ने जैव चिकित्सा अनुसंधान के आयामों और विधियों को शामिल किया - प्राथमिक और द्वितीयक अनुसंधान, वर्णनात्मक अध्ययन, विश्लेषणात्मक अध्ययन, अवलोकनात्मक अध्ययन, अंतर अनुभागीय, कोहार्ट - मामले नियंत्रण अध्ययन, हस्तक्षेप संबंधी अध्ययन डिज़ाइन, वैज्ञानिक लेखन और प्रकाशन, पांडुलिपि की तैयारी, अनुसंधान आंकड़ों के विश्लेषण में चिकित्सा के आंकड़ों की भूमिका, अनुसंधान आंकड़ों के प्रकार और संदर्भ निकालने पर चर्चा की गई। प्रत्येक व्याख्यान के बाद प्रतिभागियों को प्रश्न पूछने और स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था।

व्याख्यान के अंत में विचार विमर्श में शामिल विभिन्न पहलुओं पर, प्रतिभागियों के चार अलग-अलग समूहों को चार प्रायोगिक अभ्यास दिए गए थे। प्रत्येक समूह को कार्य पूरा करने के लिए 20 मिनट दिए गए थे। समूह के एक प्रतिनिधि ने निष्कर्ष और दिए गए कार्य का हल प्रस्तुत किया जिसे सीएमई कार्यक्रम संयोजक द्वारा समन्वित किया गया।

8. 23 फरवरी, 2017 को सामुदायिक चिकित्सा एवं परिवार चिकित्सा विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर, राजस्थान में आयोजित "स्वास्थ्य देखभाल नेतृत्व" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: आचार्य पंकजा रवि राघव, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक विभाग और परिवार चिकित्सा विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर, राजस्थान - 342005।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य:

- प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य देखभाल नेतृत्व कौशल के बारे में अद्यतन करना
- प्रतिभागियों के बीच नेतृत्व कौशल को विकसित करना, टीम के महत्व को समझाना, प्रशिक्षक के रूप में उनकी भूमिका में सुधार करना और काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रदर्शन करना।
- अपने कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए प्रतिभागियों को उचित जीवन कौशल और नेतृत्व शैली को चुनने के लिए प्रोत्साहित करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. संजय चतुर्वेदी, एफएएमएस) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था कई पेशेवर समूहों, विभागों और विशिष्टताओं तथा उनके मध्य जटिल, गैर-अक्षीय परिचर्चा से बनी है; इस तरह की प्रणाली की जटिलता अक्सर विभिन्न रोग क्षेत्रों, बहुदिशा लक्ष्यों और बहुआयामी स्टाफ से संबंधित बाधाओं के परिणामस्वरूप अद्‌वितीय है। स्वास्थ्य संगठनों जैसे बड़े संगठनों के भीतर, संबद्ध उप-संस्कृतियों के कई समूह एक दूसरे का समर्थन या एक दूसरे के साथ संघर्ष कर सकते हैं। नेतृत्व को समग्र रूप में संगठन की भीतरी विविधताओं का उपयोग, संगठन की प्रबंधन प्रक्रियाओं को डिजाइन करते हुए, साझे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए काम करने के लिए व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की आवश्यकता है। इस अत्यधिक जटिल परिवेश में प्रबंधन को अनुकूलित करने के लिए कई तरह के नेतृत्व दृष्टिकोण स्वास्थ्य सेवा की परिस्थितियों में अनुकूलित किए जा सकते हैं। नेतृत्व सिद्धांत गतिशील है और समय के साथ परिवर्तित होता रहता है।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न संसाधन व्यक्तियों की परिचर्चाओं और इंटरैक्टिव प्रायोगिक और भूमिका -निर्वहन सत्रों ने प्रतिभागियों में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नेतृत्व कौशल विकसित किया। यह प्रतिभागियों से प्राप्त फ़ीडबैक के द्‌वारा स्पष्ट था और यह आशा है कि कार्यशाला के दौरान कवर किए गए विषयों की समझ का अनुवर्ती पालन उनके लिए उपयोगी होगा ताकि वे अपने विभिन्न स्वास्थ्य डोमेन में उच्च दक्षता प्राप्त कर सकें।

9. 23 फरवरी, 2017 को पंडित बी. डी. शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक, हरियाणा में आयोजित "आघात प्रबंधन में सिद्धांत" पर सीएमई कार्यक्रम।

आयोजन सचिव: डॉ. आर. सी. सिवाच, वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, अस्थि रोग विभाग, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

- आघात के रोगी को कैसे संभालना है
- आघात के तुरंत बाद कौन से रुधिर विज्ञान और विकिरण विज्ञान जांच आवश्यक है?
- आघात सर्जन से अपेक्षित त्वरित हस्तक्षेप?

- आंत और सिर की चोट से कैसे निपटा जाए - कब और क्या किया जाए**?**
- एक आघात रोगी के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण**?**
- आईसीयू आवश्यकता के लिए तत्काल या बाद के संकेत क्या हैं**?**

पर्यवेक्षक (**डॉ. अनिल के. जैन, एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

ट्राइज, आघात प्रबंधन का कखघ से लेकर, श्रोणि चोट की जटिलताएं और बहुआघात मामलों के प्रबंधन जैसे अलग-अलग विषयों के साथ आघात प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को सीखने के लिए 58 अस्थि रोग शल्य चिकित्सक, निजी प्रैक्टिशनर और 96 जूनियर रेजिडेंट अस्थि रोग विज्ञानी और 2 एमबीबीएस छात्र (कुल 156) ने एक दिवसीय पाठ्यक्रम में भाग लिया। मुख्य रूप से भारत के उत्तरी क्षेत्र सहित भारत के सभी क्षेत्रों के 30 शिक्षक (वरिष्ठ आचार्य और विशेषज्ञ) संकाय में शामिल थे।

व्याख्यान कक्ष की सुविधाएं और श्रव्य दृश्य उपकरण उच्च कोटि के थे। संगोष्ठी के लिए चुने गए विषय प्रशिक्षुओं के केंद्रित समूह के अनुकूल थे। हर व्याख्यान के अंत में और सत्र के अंत में मुख्य संदेश दिए गए थे।

कुल मिलाकर, यह अस्थि रोग शल्य चिकित्सक / रेजिडेंट और मेडिकल छात्रों के लिए एक महान अकादमिक सह वैज्ञानिक कार्यक्रम था जिसने आघात प्रबंधन में उनके ज्ञान को अद्यतन किया जो कि वे अपने दिन-प्रतिदिन अभ्यास में अनुभव करते हैं और अस्थि-विकृतियों में दुर्लभ मामलों का अनुभव प्राप्त करवाया। प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम के प्रख्यात संकाय के अनुभव से लाभ मिला, जो प्रोत्साहित चर्चा के वातावरण में शिक्षार्थियों के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध था। उम्मीदवार सीएमई से संतुष्ट थे और उनके लिए यह बहुत ही शिक्षाप्रद अनुभव था। अंत में, मैं सीएमई के सभी संकायों और प्रतिनिधियों का बहुत ही ऋणी हूं जिन्होंने इस सीएमई को बहुत सफल बनाया जो सम्यक वैज्ञानिक भावना और उत्साह से अपने सभी उद्देश्यों को पूरा कर सकी।

दिनांक **01.04.2016** से **31.03.2017** तक बाह्यसांस्थानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों के तहत अनुदान दर्शाती विवरणी

क्र.सं.	**विषय**	**स्वीकृत राशि (रुपए)**
1.	**"लोक स्वास्थ्य प्रबंधन के सिद्धांतों के अनुप्रयोग से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करना"** पर सीएमई कार्यक्रम चंडीगढ़: 16 - 17 मई, 2016	74,500/-
2.	**"महामारी विज्ञान, जैव सांख्यिकी और स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यप्रणाली"** पर सीएमई कार्यक्रम बंगलौर (कर्नाटक): 11 - 12 जुलाई 2016	36,000/-
3.	**"निवारक मनोचिकित्सा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी"** पर सीएमई कार्यक्रम दिल्ली: 11 सितम्बर, 2016	75,000/-
4.	**"वैज्ञानिक चिकित्सीय लेखन"** पर सीएमई कार्यक्रम चंडीगढ़: 20 अक्तूबर, 2016	75,000/-
5.	**"स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण"** पर सीएमई कार्यक्रम चंडीगढ़: 21 नवंबर, 2016	70,000/-
6.	**"सूक्ष्म जीवाणु रोधी प्रतिरोध से मुकाबला"** पर सीएमई कार्यक्रम रायगढ़ (छत्तीसगढ़): 9 फरवरी, 2017	75,000/-

7. **"अनुसंधान पद्धति: जैव चिकित्सा अनुसंधान के आधार - सिद्धांत और विधि"** पर सीएमई कार्यक्रम — 75,000/-

पटना (बिहार): 13 फरवरी, 2017

8. **"स्वास्थ्य देखभाल नेतृत्व"** पर सीएमई कार्यक्रम — 75,000/-

जोधपुर (राजस्थान): 23 फरवरी, 2017

9. **"आघात प्रबंधन में सिद्धांत"** पर सीएमई कार्यक्रम — 75,000/-

रोहतक (हरियाणा): 23 फरवरी, 2017

शैक्षणिक समिति एवं शैक्षणिक परिषद् की रिपोर्ट

21 मार्च, 2017 को आयोजित विशेष परिषद बैठक में सीएमई के बारे में विचार विमर्श किए गए मुद्दों पर विचार करने हेतु

21 मार्च, 2017 को आयोजित विशेष परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की प्रतिलिपि चर्चा के लिए शैक्षणिक समिति के सदस्यों को प्रदान की गई थी। सीएमई और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस चर्चा का परिणाम निम्नानुसार था:

- सदस्यों का मानना था कि और अधिक सीएमई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।
- अगर अकादमिक कार्यक्रम का प्रसारण विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में किया जा रहा है, तो सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण आवश्यक होना चाहिए। जुड़े हुए संस्थानों को भी वक्ता के साथ संपर्क करने की सुविधा होनी चाहिए।
- मंत्रालय के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि यदि एनएएमएस नर्सों को प्रशिक्षण प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। इसके लिए डॉ. एस. एस. देशमुख ने शीघ्रातिशीघ्र मुंबई में नर्सिंग प्रशिक्षण पर सीएमई कार्यक्रम के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए सहमति व्यक्त की।
- सदस्यों का यह विचार था कि कुछ भी नया करते समय नैम्स को बहुत सावधान और कोई भी कदम उठाने के दौरान निवारक रहना चाहिए।
- नैम्स अध्याय को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। जहां संयोजक बहुत सक्रिय नहीं हैं वहां भी एक सह-संयोजक होने का सुझाव दिया गया था। आखिरकार यह निर्णय लिया गया कि शीघ्रातिशीघ्र डॉ. के. के. शर्मा द्वारा राज्य अध्याय संयोजकों की सूची का पुनरीक्षण / संशोधन किया जाए।

सीएमई कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन पर विचार करने हेतु

परिषद ने सिद्धांत रूप में बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के लिए अधिकतम 2 लाख तक और अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के लिए अधिकतम 2.5 लाख रुपये तक के अनुदान की स्वीकृति देने के लिए सहमति दी। विभिन्न मदों में धन का वितरण करने की आवश्यकता है।

समिति ने डॉ. के. के. शर्मा, सीएमई समन्वयक, को लचीलेपन के साथ वितरण करने के लिए अधिकृत किया जिससे नैम्स को और अधिक प्रस्ताव मिलें।

वर्ष 2017 के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार पर विचार करने और सलाह देने हेतु

12 जुलाई 2008 को आयोजित परिषद की 122वीं बैठक में, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नैम्स आजीवन उपलब्धि पुरस्कार के लिए नामांकन अकादमिक परिषद के सदस्यों द्वारा किया जाएगा, जिस पर बाद में व्याख्यान एवं पुरस्कार समिति द्वारा विचार किया जाएगा और व्याख्यान एवं पुरस्कार समिति की सिफारिश को मंजूरी के लिए परिषद के समक्ष रखा जाएगा।

वर्ष 2017 के आजीवन उपलब्धि पुरस्कार के लिए शैक्षणिक समिति ने डॉ. पी. के. दवे, पूर्व निदेशक एवं विभागाध्यक्ष एम्स और प्रतिष्ठित आचार्य, नैम्स का नाम प्रस्तावित किया। डॉ. पी. के. दवे का जीवनवृत्त सचिव द्वारा पढ़ा गया और डॉ. एस. एस. देशमुख द्वारा प्रस्तावित और डॉ. सरोज सी. गोपाल द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव को यथास्वरूप सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

नैम्स की सदस्यता के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा पात्रता मानदंड के रूप में एफएनबी परीक्षा को शामिल करने संबंधित डॉ. अनिल कुमार सिंघी से प्राप्त पत्र पर विचार करने हेतु

डॉ. अनिल कुमार सिंघी, एमडी, एफएनबी (बालरोग, कार्ड), हिलंड पार्ट , टॉवर ग्लेन, फ्लैट 10ए1, 1925 चकगरिया, पंचासयार, ईएम बायपास मेट्रोपोलिस मॉल के पीछे, कोलकाता - 700094 से 23 अगस्त को एक ई-मेल और पत्र भी प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने एफएएनबी के आधार पर नैम्स की प्रतिष्ठित सदस्यता के लिए नामांकित किए जाने का अनुरोध किया।

विनियमन- V के अंतर्गत **"राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की सदस्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन**: के अनुसार वे उम्मीदवार, जो राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं, वे राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी के सदस्य के रूप में प्रवेश के लिए व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रस्तुत करेंगे। उनका नाम अकादमी के कम से कम एक अध्येता द्वारा विधिवत प्रस्तावित किया गया हो तथा उम्मीदवार के चरित्र एवं आचरण को सत्यापित किया गया हो। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी की परिषद् के अनुमोदन के आधार पर उम्मीदवार को एककालिक 7000/- रुपये के आजीवन सदस्यता शुल्क (1000/- रुपये के प्रवेश शुल्क सहित) अथवा समय-समय पर यथा-प्रभारित शुल्क तथा दायित्व

बंधयपत्र के निष्पादन के बाद अकादमी के सदस्य के रुप में भर्ती किया जाएगा। *(यह नवंबर 1992 और उसके पश्चात आयोजित राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बैच से प्रभावी होगा)*"

विस्तारपूर्वक चर्चा के बाद समिति ने एफएनबी छात्रों के एमएनएएमएस के रूप में नामांकन को स्वीकृति नहीं दी और इस विषय पर और आगे चर्चा नहीं करने का निर्णय किया।

प्रायोगिक परियोजना - जिस प्रकार अंतःसांस्थानिक और बाह्यसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों के लिए स्वीकृत राशि में वृद्धि की गई उसी प्रकार प्रायोगिक परियोजनाओं की राशि में भी वृद्धि की जा सकती है।

समिति के सदस्यों ने प्रायोगिक परियोजना की राशि को सत्तर हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख पचास हजार रूपये करने के लिए स्वीकृति दी।

डॉ. एस. कामेस्वरन का आजीवन उपलब्धि पुरस्कार अलमारी में पड़ा है - इस पुरस्कार को सौंपने के संबंध में निर्णय लिया जाना चाहिए।

अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि जैसे कि विगत कुछ वर्षों में आजीवन उपलब्धि पुरस्कार को पुरस्कार प्राप्तकर्ता के निवास स्थल पर प्रदान किया गया है उसी प्रकार डॉ. एस. कामेस्वरन को आजीवन उपलब्धि पुरस्कार उनके आवास पर ही प्रदान किया जा सकता है। यह निर्णय लिया गया कि डॉ. एस. कामेस्वरन की आयु और स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें आजीवन उपलब्धि पुरस्कार देने के लिए अध्यक्ष नैम्स के सचिव के साथ चेन्नई जाएंगे।

चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान कार्यक्रम (स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास)

सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के अधीन स्वास्थ्य मानवशक्ति विकास के क्षेत्र में अकादमी द्वारा संवर्धित कार्यकलापों में से एक है-कनिष्ठ स्तरों और मध्यम स्तरों पर "चिकित्सा वैज्ञानिकों का आदान-प्रदान"।

अकादमी कनिष्ठ और मध्यम स्तर के विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों को सुस्थापित उत्कृष्टता केंद्र पर जाने के लिए और नए कौशल प्राप्त करने के लिए निधि उपलब्ध कराता है। इस योजना के अंतर्गत चयनित नामिती यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति (वास्तविक द्वितीय श्रेणी एसी टू-टियर रेल किराया तक सीमित) और 5000/- रुपए की अधिकतम सीमा के अधीन प्रशिक्षण अवधि के दौरान 300/- रुपए प्रतिदिन की दर पर दैनिक भत्ता के पात्र हैं।

वर्ष 2017 तक दो सौ (200) चिकित्सा वैज्ञानिकों/ शिक्षकों का उन्नत प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है और नैम्स से अनुदान सहायता प्राप्त कर उन्होंने अपना प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया है।

अनुबंध- V

01.04.2016 से 31.03.2017 तक अंतःसांस्थानिक सीएमई कार्यक्रमों पर रिपोर्ट

1. 23 अप्रैल 2016 को स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ में आयोजित "**ऑस्टियोपोरोसिस**" पर नैम्स - पीजीआई संगोष्ठी।

संचालन अधिकारी: डॉ. संजय के. भदादा, अपर आचार्य, अंतःस्त्राविकी विभाग, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी के उद्देश्य थेः

ऑस्टियोपोरोसिस के प्रसार, चिकित्सा, स्पेक्ट्रम, रोगजनन, निदान और उपचार के बारे में जागरूकता का प्रसार करना।

पर्यवेक्षक (डॉ. आर. एल. मित्तल) की रिपोर्ट की विशिष्टताएं:

संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्य थे - ऑस्टियोपोरोसिस के प्रसार, चिकित्सा, स्पेक्ट्रम, रोगजनन, निदान और उपचार के बारे में जागरूकता का प्रसार करना। अंत में, प्रतिभागी ऑस्टियोपोरोसिस के रोगियों का निदान और प्रबंधन करने में सक्षम होंगे। संगोष्ठी के उद्देश्यों को पूरा किया गया था लेकिन पूरी तरह से नहीं। चुना गया विषय बहुत अच्छा था, जो हमारे देश में बढ़ती हुई जीवन प्रत्याशा और अति वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती आबादी और अन्य कई कारकों को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण है। आयोजक ने कड़ी मेहनत की और संगोष्ठी के उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुत अच्छा काम किया, जिसके लिए इसका आयोजन किया गया था, परंतु सुधार के लिए संभावनाएं सदा विद्यमान हैं। यह और अधिक बेहतर हो सकता था यदिः (क) अस्थि रोग शल्य चिकित्सक, अंतःस्त्राविकी विज्ञानी, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, भेषज गुण विज्ञानी, भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास विशेषज्ञ, जरायात्री आदि की भागीदारी के रूप में आश्वासन दिया जाता कि ऑस्टियोपोरोसिस एक बहुआयामी रोग है और उद्देश्य के बेहतर वितरण के लिए सभी स्थानीय विशेषज्ञों से परामर्श के बाद ही व्याख्यान तैयार किया जाना चाहिए;

(ख) यदि व्याख्यान केवल विषय से संबंधित होते। ऑस्टियोपोरोसिस में अस्थि रोग शल्य चिकित्सक की प्राथमिक भूमिका होती है। प्रत्येक ऑस्टियोपोरोसिस रोगी ने एक अंतःस्त्राविकी विज्ञानी से परामर्श लेने से पूर्व अस्थि रोग शल्य चिकित्सक से परामर्श किया होता है वास्तव में, अधिकतर यह अस्थि रोग शल्य चिकित्सक से अंतःस्त्राविकी विज्ञानी को भेजा गया मामला होता है। अस्पताल के रोगियों के कुल प्रतिशत में आघात ने एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और हर ऐसे रोगी को स्थानीय या सामान्य ऑस्टियोपोरोसिस का सामना करना पड़ रहा है। न केवल आघात, अपितु सभी प्रकार की विशिष्टताओं में 50 या उससे अधिक आयु के सभी शय्याग्रस्त रोगियों को ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है और आर्थोपेडिक परामर्श की आवश्यकता हो सकती है; (ग) यदि प्रतिभागी अधिक होते - लगभग 150 पंजीकरण की आशा थी लेकिन केवल 47 प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया। आपातकालीन ड्यूटी पर छोड़कर विभिन्न विशिष्टताओं के सभी रेजिडेंट भाग ले सकते थे (ऑस्टियोपोरोसिस ऊपर बताई गई सभी विशिष्टताओं से संबंधित है) जिससे इस उद्देश्य को बेहतर तरीके से प्राप्त किया जा सकता था। सभी विभागों के अध्यक्षों की भागीदारी उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित कर सकती थी। (घ) कक्ष में श्रव्य - दृश्य और ध्वनिकी बहुत उत्कृष्ट थे। हालांकि बेहतर विचार विमर्श के लिए दूसरे सिरे पर प्रतिभागियों की संख्या, श्रव्य - दृश्य और संचार प्रणाली को देखते हुए टेलि-मेडिसिन में सुधार किया जाना चाहिए जैसे कि हम टी.वी. पर देखते हैं। (ड़) विषय के महत्व को देखते हुए मेरे द्वारा निकाली गई कमियों में सुधार करते हुए ऑस्टियोपोरोसिस पर इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। सभी व्याख्यानों के साथ पुस्तिका सभी को दी गई थी। प्रत्येक व्याख्यान के बाद अच्छी चर्चा हुई थी।

2. 21 अक्टूबर, 2016 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में आयोजित **"तम्बाकू या स्वास्थ्य: बेहतर विकल्प चुनिए"** पर नैम्स संगोष्ठी

संचालन अधिकारीः डॉ. आलोक सी. अग्रवाल, सह आयोजन सचिव, नैम्सकॉन - 2016, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़।

संगोष्ठी के मुख्य उद्देश्यः

संगोष्ठी के उद्देश्य थेः

बड़े पैमाने पर प्रतिभागियों और जनता को इनसे परिचित कराने के लिए -

(क) तंबाकू के उपयोग के खतरे;

(ख) इस समस्या का विस्तार;

(ग) तम्बाकू उपयोग के संबंध में रोकथाम रणनीतियां;

(घ) तम्बाकू निर्भरता के निदान और प्रबंधन में मापदंड;

(च) तंबाकू के उपयोग के खतरों की उपचार रूपरेखा;

(घां) समाज में तम्बाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने वाले उपाय।

पर्यवेक्षक (**डॉ. सरोज चूढ़ामणि गोपाल**, **एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

संगोष्ठी एआईआईआईएस रायपुर के एक सभागार में आयोजित की गई थी। हॉल में लगभग 200 व्यक्तियों को समायोजित करने की क्षमता थी। सभी लैपटॉप कंप्यूटर**,** एलईडी प्रोजेक्टर और प्रदान की गई श्रव्य व्यवस्था उत्कृष्ट थी। कुल मिलाकर माहौल उत्कृष्ट था। संगोष्ठी के उद्देश्यों को पूरा किया गया। सभी प्रतिभागियों को अधिगम संसाधन सामग्री (एलआरएम) प्रदान की गई थी। 91 पंजीकृत प्रतिनिधि और 50 स्नातक चिकित्सा छात्र और नर्सिंग छात्र थे। कार्यक्रम में शिक्षाप्रद व्याख्यान थे और प्रत्येक व्याख्यान के बाद एक इंटरैक्टिव सत्र था। पाठ्यक्रम संकाय द्वारा प्रस्तुति उत्कृष्ट गुणवत्ता की थी। यदि क्षेत्रीय भाषाओं में टेलीविजन पर ऐसी विशेषज्ञ पैनल की चर्चा प्रदान की जा सकती तो सामुदायिक शिक्षा के लिए संगोष्ठी का प्रभाव बढ़ाया जा सकता था।

3. 30 नवंबर, 2016 को कमला रहेजा सभागार जे.एस.बी. बहुव्यावसायिक शिक्षा केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित "**भारत में पोषण और स्वास्थ्य संक्रमण: राष्ट्रीय सर्वेक्षण से निष्कर्ष**" पर नैम्स - एनएफआई राष्ट्रीय संगोष्ठी।

संचालन अधिकारीः डॉ. प्रेमा रामाचंद्रन, निदेशक, भारतीय पोषण फाउंडेशन, नई दिल्ली।

सीएमई कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थेः

(क) विभिन्न राज्यों में आबादी के आहार के वर्तमान आंकड़े, वर्तमान पोषण संबंधी स्थिति और स्वास्थ्य स्थिति के प्रति प्रतिभागियों के ज्ञान को अद्यतन करना;

(ख) पोषण संबंधी स्थिति और स्वास्थ्य स्थिति में अंतर-जिला मतभेदों के बारे में जानकारी प्रदान करना;

(ग) नीति कार्यक्रम और इन निष्कर्षों के शोध प्रभाव से प्रतिभागियों को अवगत कराना;

(घ) प्रतिभागियों को अवगत कराना कि कैसे इन आंकड़ों का उपयोग हस्तक्षेपों की विकेन्द्रीकृत जिला आधारित योजना के लिए और चल रहे हस्तक्षेपों के प्रभाव की निगरानी के लिए किया जा सकता है।

पर्यवेक्षक (**डॉ. रवींद्र मोहन पांडे**, **एफएएमएस**) **की रिपोर्ट की विशिष्टताएं**:

